हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 17 जून 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

4 ट्रैक्टर की टक्कर के बाद बम्फर पर झूल गया ग्रामीण, फिर कुचला, 8 गिरफ्तार



### शासकीय बौद्धिक मंदता विशेष विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव
# खुले विद्यालयों के पट, बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय बौद्धिक मंदता विशेष विद्यालय बैकुंठपुर में शाला प्रवेश उत्सव 2026-27 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में वर्तमान में कुल 23 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिक्षा आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और बेहतर जीवन का आधार बनती है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक बच्चे को समान अवसर उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है तथा विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधक से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक समावेशन और जीवन कौशल विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों से संवेदनशीलता एवं समर्पण के साथ बच्चों के विकास में योगदान देने की अपील की।

कलेक्टर ने कहा कि विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उचित मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन से ये बच्चे भी समाज में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।


शाला प्रवेशोत्सव में पहुंची कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव।

## पीएम श्री विद्यालय में 8 लाख की बाल वाटिका का लोकार्पण



**चरचा कॉलरी।** नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरूआत क्षेत्र में उत्साह, उमंग और नव ऊर्जा के साथ हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आह्वान पर 16 से 27 जून तक आयोजित किए जा रहे शाला प्रवेशोत्सव के तहत चरचा स्थित पीएम श्री स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, बीआरसी नितेश शुक्ला, भाजपा पदाधिकारी, संकुल प्राचार्य राम लखन यादव, पीएम श्री विद्यालय की प्रधान पाठक सीमा मिश्रा तथा संकुल समन्वयक राजेन्द्र मंडल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे। शाला प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस विद्यालय परिसर बच्चों की चहल-पहल, खिलखिलाहट और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पीएम श्री विद्यालय में छोटे बच्चों को निःशुल्क स्कूल ड्रेस भी वितरित की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पीएम श्री विद्यालय परिसर में लगभग 8 लाख रूपए की लागत से निर्मित बाल वाटिका का लोकार्पण रहा। अतिथियों ने फीता काटकर बाल वाटिका का शुभारंभ किया तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्ले स्कूल का उद्घाटन किया। बाल वाटिका में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेल एवं शिक्षण संबंधी विभिन्न संसाधनों की व्यवस्था की गई है। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा विद्यालयों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अभिभावकों ने विद्यार्थियों के स्वागत एवं विद्यालय में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल बताया।

पीएम श्री विद्यालय में विकसित बाल वाटिका नन्हे बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। अतिथियों ने बाल वाटिका का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव होती है तथा इस प्रकार की सुविधाएं उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय परिवार ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## नवप्रवेशी छात्राओं के स्वागत से गूंजा स्कूल



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर गरिमामय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी तथा समिति के सदस्य महेन्द्र वैद्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अमृत लाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर नवप्रवेशी छात्राओं का आत्मीय स्वागत किया। शासन की मंशानुरूप सभी नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। उद्बोधन में प्राचार्य अमृतलाल ने नवप्रवेशी छात्राओं का विद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केन्द्र नहीं, बल्कि छात्राओं के सपनों को पंख देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि शाला का उद्देश्य छात्राओं को केवल परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनाना भी है। उन्होंने समय के सदुपयोग, कड़ी मेहनत तथा गुरुजन के सम्मान को सफलता की कुंजी बताते हुए छात्राओं को निडर होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं समाज में अग्रणी बनाती है। उन्होंने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय की मेधावी छात्रा आलिया परवीन, जिन्होंने राज्य प्रवीण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है, को प्रोत्साहन स्वरूप 2100 रूपए की राशि प्रदान की।

## लटमा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन




ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 16 जून से विद्यालयों के पट खुल गए और इसके साथ नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई। शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने के साथ ही जिलेभर के विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कई विद्यालयों में शाला परिसर को विशेष रूप से सजाया भी गया था। नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मूहं मिठा कराकर शाला प्रवेश उत्सव कराया गया। इसके साथ ही बच्चों को पुस्तक वितरण एवं गणवेश वितरण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के निर्देश एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोनहत अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में सोनहत जनपद अंतर्गत माशा लटमा एवं शासकीय पीएम श्री प्राथमिक शाला लटमा में नए शिक्षा सत्र के पहले दिन शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ पारंपरिक वातावरण में मनाया गया। लंबे समय बाद स्कूल खुलने पवर बच्चों के चेहरे परख अलग रौनक व उत्साह देखने को मिला। इस दिन शाला पहुंचे बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा नव आए बच्चों को भी तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को गणवेश वितरण किया गया तथा पुरानी पुस्तके भी वितरण की गई, इससे बच्चों के चेहरे खिल गए। सभी बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंत में विद्यालय आए बच्चों को सुरूचीपूर्ण मध्यान्ह भोजन कराया गया।

## शाला प्रवेशोत्सव दिखा उत्साह और उमंग



**चरचा कॉलरी।** प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरूआत उत्साह, उमंग और नव ऊर्जा के साथ हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आह्वान पर 16 जून से 27 जून तक आयोजित शाला प्रवेश उत्सव के तहत चरचा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पहले ही दिन विद्यालय परिसरों में बच्चों की चहल-पहल, मुस्कान और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, चरचा में नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस को प्रवेशोत्सव के रूप में मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। नई कक्षा और नए वातावरण को लेकर बच्चों में विशेष उत्सुकता दिखाई दी, वहीं अभिभावकों ने भी नए सत्र की शुरूआत पर खुशी व्यक्त की। क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी शाला प्रवेशोत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, पीएम श्री विद्यालय, स्वामी रामदास विद्यालय सहित विभिन्न हाई स्कूलों में विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत कर उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में सुबह 7 बजे से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर एवं लड्डू खिलाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और विद्यालयीन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। हालांकि सत्र के पहले दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रबंधन को आने वाले दिनों में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

(मनेन्द्रगढ़) प्रवेश प्रारंभ (चिरमिरी)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़
मो. 7415139436, 9203914561, 9425556340
पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोंड़ी) चिरमिरी
मो. 7489674543, 7415139436, 9203914561

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का विद्युत कार्यालय घेराव आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि एवं अघोषित विद्युत कटौती को लेकर 17 जून को कांग्रेस का जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन एवं मुख्यालय के विद्युत कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बकुण्ड्पुर में लिखित सूचना दे दी गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य भाजपा सरकार के जन विरोधी निर्णयों के विरोध में जिला स्तरीय आंदोलन एवं मुख्यालय के बिजली कार्यालय का घेराव 17 जून को अपराન्ह 3 से 5 बजे तक किया जाएगा और सरकार से मांग की जाएगी कि बिजली दरों में की गई वृद्धि के फैसले को तत्काल वापस लेकर आम जनता एवं किसानों को राहत प्रदान करें। श्री गुप्ता ने बताया कि राज्य भाजपा सरकार ने वर्तमान वृद्धी के तहत उपभोक्ताओं के लिए 30 से 40 पसे प्रति यूनिट गेर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 20 से 40 पसे प्रति यूनिट तथा किसानों के कृषि विद्युत दर में 40 रूपए प्रति यूनिट कि बढ़ोतरी की गई।

### आम लोगों के जुड़े मामलों पर लापरवाही नहीं करें




**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी शिकायतों एवं आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एग्रीस्टैक पंजीयन की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक पंजीयन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, लेकिन कई क्षेत्रों में कार्य संतोषजनक गति से नहीं हो रहा है। पटना, बैकुंठपुर, सोनहत और पोड़ी-बचरा तहसीलों में लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को व्यक्तिगत रुचि लेकर नागरिकों से जुड़े मामलों का निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

### 21 जून को 13 केन्द्रों में होगी नीट यूजी की परीक्षा

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 परीक्षा का आयोजन आगामी 21 जून को जिले में 13 परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा, जिसमें 5212 परीक्षार्थी शामिल होंगे।कलेक्टर अजीत वसंत ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के साथ पीजी कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, बैठने की व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई तथा अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्र पर निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने तथा यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक एवं रामसिंह ठाकुर, एसडीएम अम्बिकापुर बनसिंह नेताम सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

## स्टेशन मास्टरों ने लगाया डिमांड बैज

**बैकुंठपुर।** ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के आह्वान पर 15 जून को भारतीय रेलवे के सभी 69 मंडलों में स्टेशन मास्टरों ने अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर ड्यूटी के दौरान डिमांड बैज लगाकर विरोध दर्ज कराया।

इस कार्यक्रम में बिलासपुर मंडल के स्टेशन मास्टर साथियों ने भी सहभागिता निभाई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्टेशन मास्टरों की समस्याओं और अधिकारों को लेकर एकजुट आवाज है। उन्होंने रेल प्रशासन से मांगों पर शीघ्र एवं ठोस निर्णय लेने की अपील की। अपने प्रमुख रूप से रेलवे में सभी रिक्त पदों को भरकर जीरो वैकेंसी सुनिश्चित करने, 12 घंटे के रोस्टर को समाप्त करने, बिना सीलिंग के सभी कर्मचारियों को नाइट ड्यूटी अलाउंस देने तथा स्ट्रीमलाइन प्रक्रिया के तहत लंबित एवं मामलों का शीघ्र निराकरण कर स्टेशन मास्टरों को इच्छित स्थानों पर पदस्थ करने की मांग रखी। इसके साथ ही पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग भी उठाई गई। डिप्टी जनरल सेक्रेटरी एके श्रीवास्तव ने कहा कि स्टेशन मास्टर भारतीय रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे हर परिस्थिति में सुरक्षा और समयपालन को प्राथमिकता देते हुए कार्य करते हैं, लेकिन वर्तमान में अत्यधिक कार्यभार, मानसिक दबाव और पारिवारिक दूरी जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्टेशन मास्टरों को बेहतर कार्य वातावरण और सुविधाएं मिलेंगी तो रेलवे की सुरक्षा, समयबद्धता और कार्यक्षमता और मजबूत होगी। उन्होंने ने रेल प्रशासन से सभी मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने की मांग की है।



■ रेलवे प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग

### आवेदनों के त्वरित करें निराकरण

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रदाय सेवाओं तथा सुशासन तिहार 2026 के तहत प्राप्त मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सुशासन का वास्तविक उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना तथा प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## फेडरेशन के पदाधिकारी मिले कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कोरिया के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पदों पर जल्द से जल्द पदोन्नति कराने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर पदोन्नति की गाइडलाइन पर विस्तृत चर्चा की। इस पर कलेक्टर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए पदोन्नति प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का आश्वासन दिया है। इसके पश्चात, प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पद पर त्वरित पदोन्नति का ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विश्वास भगत के साथ बैकुण्ठपुर ब्लाक अध्यक्ष सुरेश एक्काा, ब्लाक अध्यक्ष सोनहत कमलेश मारिक के अलावा प्रमुख रूप से रवि पांडे, महेन्द्र राजवाड़े, वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, जितेन्द्र पैकरा, कुलदीप जायसवाल, प्रदीप पासवान, राशीद रशीद, तुलाराम रजवाड़े, शिव प्रसाद मिंज, रूपनारायण एवं मीडिया प्रभारी नय्यर अंसारी उपस्थित रहे।



### केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर की घोषणा
# अम्बिकापुर-गढ़वा रोड रेल परियोजना को मिला विशेष परियोजना का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा की बहुप्रतीक्षित अम्बिकापुर-गढ़वा रेल परियोजना को रेल मंत्रालय ने विशेष परियोजना घोषित किया है। रेल मंत्रालय ने 25 मई को जारी अधिसूचना में इस रेल परियोजना को रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 2(37ए) के तहत विशेष परियोजना का दर्जा दिया है।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अम्बिकापुर-गढ़वा रोड सिंगल रेल लाइन रामानुजगंज-बरवाडीह सहित 261.838 किमी लम्बी होगी। भारत सरकार के राजपत्र में 26 मई 2026 को प्रकाशित होने के साथ ही यह घोषणा प्रभावी हो गई है। यह रेल परियोजना छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड राज्य में सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिसूचित की गई है। इस परियोजना अंतर्गत अम्बिकापुर से गढ़वा रोड तक सिंगल लाइन विकसित की जाएगी वहीं रामानुजगंज से बरवाडीह तक स्पर लाइन बनाई जाएगी। इस बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना को विशेष परियोजना का दर्जा मिलने से भूमि अधिग्रहण, प्रशासनिक प्रक्रियाओं एवं विभिन्न विभागीय अनुमतियों में तेजी आने की उम्मीद है। लम्बे अर्से से इस रेल परियोजना को मूर्त रूप देने की मांग उठ रही है। इस रेल परियोजना के पूरा होने पर उत्तर छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड के साथ ही सरगुजा संभाग के लोगों को आवागमन का बेहतर साधन मिलेगा साथ ही उपयुक्त रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी जिससे आवागमन के बेहतर साधन के साथ ही उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। यह परियोजना खनिज, कृषि उत्पादों एवं वनोपजों के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

वर्तमान में उत्तर छत्तीसगढ़ में आवागमन का एकमात्र साधन सड़क मार्ग है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में झारखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों के लोग बलरामपुर सहित अन्य जिलों में निवासरत हैं, इन लोगों को इस परियोजना से काफी लाभ मिलेगा।



### चार दशकों से हो रही मांग

आजादी के पूर्व तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने कोयला परिवहन के उद्देश्य से चिरमिरी-बरवाडीह के रेल परियोजना की नींव डाली थी लेकिन ब्रिटिश सरकार इसे पूरा नहीं कर सकी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर कई आंदोलन भी हुए लेकिन परियोजना को स्वीकृति नहीं मिल सकी। सांसद चिंतामणि महाराज इस रेल परियोजना की मांग लेकर कई बार रेल मंत्री से मिल चुके हैं।

## डुमरिया स्थित गोबरी नदी में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई



**बैकुण्ठपुर।** अवैध रेत उत्खनन की जानकारी मिलने पर कलेक्टर कोरिया के निर्देशानुसार बीते सोमवार को खनिज विभाग के अमले द्वारा तहसील बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम डुमरिया स्थित गोबरी नदी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनिज अधिकारी ने जानकारी दी है कि निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए दो वाहनों को पकड़ा गया, जिनमें एक ट्रैक्टर एवं एक मिनी ट्रक शामिल हैं। उक्त दोनों वाहनों को जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना पटना की सुपुर्दगी में दिया गया है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि अवैध खनिज रेत उत्खनन एवं परिवहन के लिए कच्चे मार्ग का निर्माण किया गया था। अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए जेसीबी मशीन की सहायता से उक्त कच्चे मार्ग को काटकर अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे भविष्य में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

## खबर संक्षेप



### खाद संकट को लेकर किसानों नाराजगी, दो दिन में वितरण नहीं होने पर दी चक्का जाम की चेतावनी

**शंकरगढ़।** क्षेत्र में लगातार खाद संकट और वितरण व्यवस्था में अनियमितताओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र खाद उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर खाद वितरण की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो चक्का जाम किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया है कि शंकरगढ़ क्षेत्र में पिछले लगभग दो माह से खाद वितरण व्यवस्था प्रभावित है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि खाद वितरण में बार-बार नए नियम लागू किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मानसून की शुरुआत के साथ किसान धान एवं मक्का की खेती की तैयारी में जुट गए हैं। खेतों की जुताई और बुवाई का कार्य शुरू हो चुका है, ऐसे समय में खाद की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। इसके बावजूद सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान चिंतित और परेशान हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि आगामी दो दिनों के भीतर खाद की पर्याप्त व्यवस्था कर किसानों को वितरण सुनिश्चित किया जाए। खाद वितरण नहीं करने पर भारतीय किसान संघ द्वारा चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद यादव, सचिव रामबालरीक यादव, युवा अध्यक्ष इंद्रजीत जायसवाल, महामंत्री डिगेश यादव, कृष्ण कुमार पन्ना, सतीश जायसवाल, अनिल कुमार यादव, रमेश कुमार सिंह, जलसाय राम, प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला राजापुर में आयोजित समर कैंप का हुआ समापन



**बिश्रामपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला राजापुर में आयोजित समर कैंप का हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में समापन किया गया। समापन समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न गतिविधियों का मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत किया। समर कैंप में विद्यार्थियों ने गीत, कला एवं शिल्प, व्यक्तित्व विकास तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों की खूब सराहना बटोरी, समर कैंप के सफल संचालन में खेल शिक्षक महिमा देवांगन, प्रधानपाठक उमाशंकर शर्मा, शिक्षिका श्रीमती आरती साहू, श्रीमती राधा साहू एवं श्रीमती राजेश्वरी पण्डो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने समर कैंप को बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल बताते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान करती हैं।

### जिले में 15 जुलाई तक चलेगा सघन कुष्ठ खोज अभियान

**अम्बिकापुर।** कुष्ठ मुक्त जिला एवं छुपे हुए रोगियों की पहचान एवं कुष्ठ रोग के प्रति समाज में फैली हुई भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को के निर्देशन में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पीके सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में 15 जून से शुरू सघन कुष्ठ खोज अभियान 15 जुलाई तक चलाया जा रहा है। जिला कार्यालय से सिविल सर्जन सह डॉ. रेलवानी एवं जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. बीसी पैकरा की उपस्थिति में जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

### जयनगर स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में समर कैम्प का समापन



**बिश्रामपुर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में 1 जून से आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का आज सोमवार को समापन हुआ। शिविर में विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न रचनात्मक व शैक्षणिक गतिविधियों में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस 15 दिवसीय शिविर में शिक्षकों ने भीषण गर्मी के बावजूद प्रतिदिन बच्चों को खेलकूद, योग, चित्रकला, मूर्ति कला, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, संगीत, कंप्यूटर, और व्यक्तित्व विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिया। समापन के अवसर प्राचार्य पुष्पा राय, पूर्व प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल एवं शिक्षकों द्वारा समर कैंप में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने उद्बोधन में कहा कि यह समर कैंप हमारे शिक्षकों की कड़ी मेहनत और बच्चों के सीखने की ललक का परिणाम है। हम भविष्य में भी बच्चों के हुनर को निखारने के लिए ऐसे आयोजन करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अमृता सिंह द्वारा किया गया।

## प्री-मानसून की वर्षा कम होने के कारण उमस में वृद्धि

# मानसून की दस्तक के लिए करना पड़ सकता है 4-5 दिनों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए अभी चार-पांच दिनों का इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विज्ञानी मानसून के अग्रसर होने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने एवं मानसून के झारखण्ड, बिहार एवं ओड़िसा में आगे बढ़ने की बात कह रहे हैं।

**खास बात**

- मौसम विज्ञानी मानसून की गति को बता रहे सामान्य

सरगुजा में आमतौर पर 15 जून तक मानसून दस्तक देता है लेकिन इस बार मानसून 4 दिन विलम्ब से केरल तट पर दस्तक दिया जिसके कारण छत्तीसगढ़ में भी मानसून के पहुंचने में विलम्ब होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि मानसून की गति को सामान्य बताया जा रहा है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार मानसून पिछले दो दिनों से छत्तीसगढ़ की सीमा पर रूका था तथा अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के बाद अब अपने मार्ग पर अग्रसर हो गया है। मानसून की राह में इस तरह की बाधाएं सामान्य हैं तथा बीच-बीच में ऐसी स्थितियां निर्मित होती हैं। केरल तट पर चार दिन विलम्ब से मानसून की दस्तक होने के कारण आगे की यात्रा पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। मौसम विज्ञानी 20 जून तक मानसून के सरगुजा पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इस बार प्री-मानसून के दौरान न तो बंगाल की खाड़ी में न ही अरब सागर में ही चक्रवाती तूफान बना। प्री मानसून के दौरान सक्रिय चक्रवाती तूफान मानसून को गति देता है। मई के तीसरे सप्ताह में खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर मानसून को गति देने में प्रभावी भूमिका निभाया इधर उत्तर भारत में लगातार सक्रिय हो रहे पछुआ विक्षोभ को मानसून की राह में रोड़ा माना जा रहा है। मौसम में आए बदलाव के कारण सरगुजा में प्री मानसून की बारिश कम हो गई है। झारखण्ड में बड़े क्षेत्र में मानसून के प्रभावी होने के कारण सरगुजा के सीमावर्ती क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हो रही है जबकि अन्य क्षेत्रों में छिटपुट बारिश हो रही है। अब मानसून के आगे बढ़ने के बाद ही अच्छी वर्षा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इधर 18 जून को उत्तर भारत में एक नए विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है।

### उमस एवं गर्मी से बढ़ी समस्या

मौसम में आए बदलाव के कारण सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकल रही है। कर्क रेखा के निकट पहुंचने के कारण दोपहर में सूर्य की किरणें लम्बवत पड़ रही हैं जिसके कारण उमस एवं गर्मी से लोग बेहाल हो जा रहे हैं। चिलचिलाती धूप, उमस एवं गर्मी के कारण दोपहर में आवश्यक होने पर ही लोग बाहर निकल रहे हैं। चिलचिलाती धूप के कारण तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है। चिलचिलाती धूप निकलने के कारण 24 घंटे के भीतर तापमान में 2 डिग्री से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो सोमवार को बढ़कर 36.8 डिग्री पहुंच गया है। उमस के कारण रात में भी राहत नहीं मिल रही हैं बीच-बीच में बादलों की सक्रियता बढ़ने से धूप से कुछ राहत मिल रही है।

### 21 जून होगा सबसे बड़ा दिन

सूर्य के कर्क रेखा पर पहुंचने के कारण 21 जून का दिन सबसे बड़ा होगा। इसके बाद धीरे-धीरे दिन की अवधि कम होगी। दिन की अवधि अधिक होने के कारण शाम 6 बजे के बाद सूर्यास्त हो रहा है। रात की अवधि कम होने के कारण लोग सुबह देर तक सो रहे हैं। 21 जून के बाद धीरे-धीरे दिन की अवधि कम होगी तथा रात की अवधि धीरे-धीरे बढ़ेगी।



## लटोरी पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पुलिस चौकी लटोरी की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्राम पंचायत द्वारिकानगर सहित आसपास के गांवों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद मुख्य आरोपियों पर ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को शिकायत पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और सम्बन्धितों के कार्रवाई की मांग की है,पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बीते कई महीनों से क्षेत्र में पंप सेट, कृषि उपकरण और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न की चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसके बावजूद लटोरी पुलिस द्वारा केवल औपचारिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि मुख्य आरोपी खुलेआम घूमकर ग्रामीणों को धमकी दे रहे हैं।

- किसानों के खेतों से लगातार हो रही कृषि उपकरणों की चोरियों में नहीं हो रही कार्रवाई, मुख्य आरोपी को नहीं पकड़ पा रही पुलिस

शिकायतकर्ता हीराधन राजवाड़े ने बताया कि 7 मई को उनके खेत से सीआरआई कंपनी का 1 एचपी मोनोब्लाक पंप चोरी हो गया था। इसी प्रकार गांव के शिवकुमार सिंह गोंड का सबमर्सिबल पंप, अमृत सिंह के दो सबमर्सिबल पंप, अनुज राजवाड़े का पंप सेट, लटोरी निवासी संतोष ठाकुर और रामदेव चेरवा के पंप भी चोरी हो चुके हैं। इतना ही नहीं पीडीएस भवन से 16 क्विंटल चावल चोरी होने का मामला भी सामने आया है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि सभी पीड़ितों ने पुलिस चौकी लटोरी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कई शिकायतों में मुख्य आरोपी का नाम भी स्पष्ट रूप से बताया गया है। बावजूद इसके पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है,ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चोरी की घटनाओं का मुख्य आरोपी गांव और आसपास के क्षेत्रों में खुलेआम घूम रहा है तथा लोगों को धमकी दे रहा है। ज्ञात हो कि लगातार बढ़ती चोरी और कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने गत दिनों 5 जून को स्टेट हाईवे में चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन भी किया था,ग्रामीणों का कहना है कि विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीओपी अभिषेक पैकरा के निर्देशन में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन वे लोग केवल चोरी का सामान खरीदने वाले थे,जबकि चोरी की घटनाओं के कथित मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं,ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश लोग खेती-किसानी पर निर्भर हैं। किसान बड़ी मुश्किल से कर्ज लेकर या वर्षों की बचत से पंप सेट खरीदते हैं ताकि सिंचाई का काम सुचारु रूप से चल सके। लेकिन लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। कई किसानों को सिंचाई संकट का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन सौंपने वालों में हीराधन राजवाड़े, अनुज राजवाड़े, रामदेव चेरवा, शिवकुमार सिंह, नारायण, रामचंद्र, अभिजीत कुमार, शिवकुमार सहित अन्य सक्रिय रहे।

### केंद्रीय चिकित्सालय के रक्तदान शिविर में 25 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अगुवाई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह ने किया,इस अवसर पर महाप्रबंधक संचालन गिरिश कुमार राय सहित क्षेत्र के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। रक्तदाताओं के लिए अल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था शिवानी महिला समिति एवं श्रद्धा महिला मंडल द्वारा की गई थी। शिविर में कुमारी माही सिन्हा (18 वर्ष), जो बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा हैं, ने पहली बार रक्तदान कर शिविर की प्रथम रक्तदाता बनने का गौरव प्राप्त किया। शिविर में केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाई। शिविर के सफल आयोजन में डॉक्टर यूएस बैठा, डॉ नीरंजन कुमार, डॉ श्रीतालाल और डॉ सत्यपाल जोलहे सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सक और स्टॉफ सक्रिय रहे। रक्तदान शिविर में अमेरा उपक्षेत्र प्रबंधक ओपी अटल एवं डॉ बीएस सोढ़ी सहित कुल 25 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।



### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** चांदो निवासी ललिता पति अंकित (26 वर्ष) रविवार को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इधर ललिता के कीटनाशक पी लेने की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## एनएच किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराई श्रद्धालुओं से भरी पिकअप, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत रामगढ़ पहाड़ी पर स्थित राम जानकी मंदिर में दर्शन पूजन कर वापस घर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा पिकअप रविवार को देर शाम अम्बिकापुर-बिलासपुर राजमार्ग 130 के किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गया। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल एक महिला की मौत हो गई वहीं गंभीरावस्था में एक महिला को रायपुर रिफर किया गया है।

- तीन गंभीर का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा उपचार

विकासखण्ड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम केवरा के ग्रामीण पिकअप से विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत रामगढ़ गए थे। रामगढ़ में पूजा, दर्शन करने के उपरांत श्रद्धालु रविवार को देर शाम पिकअप से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान ग्राम पंचायत मेंड्राकला के पास एनएच 130 पर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से श्रद्धालुओं से भरा पिकअप टकरा गया। टक्कर में पिकअप सवार सभी 12 सवारों को चोटे आई है जबकि 4 सवारों को गंभीर चोटें लगी है। घायलों को तत्काल मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल प्रापदी राजवाड़े की मौत हो गई वहीं चिकित्सकों ने सिर पर आई चोट के कारण गंभीर रूप से घायल उषा राजवाड़े को चिकित्सकों ने रायपुर रिफर किया है। दुर्घटना में घायल 10 श्रद्धालुओं का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है तथा दो को आईसीयू में भर्ती किया गया है। सोमवार को पुलिस ने मृतिका का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है साथ ही मणिपुर पुलिस घटना के कारणों की जांच कर ही है।

### मालवाहकों से ढो रहे सवारी

प्रशासन के सख्त निर्देश के बावजूद मालवाहकों से सवारी ढोने पर रोक नहीं लग पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बारात ले जाना हो या फिर किसी धार्मिक स्थल पर जाना हो लोग आवागमन के लिए धड़ल्ले से पिकअप व अन्य मालवाहक वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। सवार लोड पिकअप से कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं तथा दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मौत होने के बावजूद मालवाहकों से सवारी ढोने का क्रम नहीं रूक रहा है।

### संजीवनी 108 के कर्मचारियों ने वेतन और ग्रेज्यूटी भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की कलेक्टर से

**बिश्रामपुर।** जिले में संचालित 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा से जुड़े कर्मचारियों ने वेतन एवं ग्रेज्युटी की राशि का भुगतान नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए सूरजपुर कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों तक सेवा देने के बावजूद उन्हें नियमानुसार देय राशि नहीं मिली, जिससे उनके सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

कलेक्टर को दिए गए आवेदन में कर्मचारियों ने बताया कि वे 108 एंबुलेंस सेवा से लंबे समय तक जुड़े रहे और पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दीं। इसके बावजूद सेवा अवधि समाप्त होने के बाद भी जयअम्बे इमरजेंसी सर्विसेस कंपनी द्वारा उनकी ग्रेज्युटी तथा अन्य देय भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित कंपनी के अधिकारियों के समक्ष अपनी मांग रखी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने बताया कि कंपनी का टेंडर 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुका है, इसके बावजूद फरवरी और मार्च माह का वेतन तथा पूरी ग्रेज्युटी की राशि अब तक लंबित है। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि भुगतान नहीं मिलने से उनके परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है,उनका कहना है कि वर्षों की सेवा के बाद भी वैधानिक अधिकारों से वंचित रखा जाना उनके साथ अन्याय है,कर्मचारियों ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए लंबित वेतन और ग्रेज्युटी की राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने तथा संबंधित कंपनी एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।शिकायत करने वालों में विजय गौतम, वीरेंद्र कृष्ण कुशवाहा, अब्दुल अहद खान, ममता तिर्की, बृहस्पति राम, बेला प्रसाद राजवाड़े और अजेश्वर प्रसाद सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं। सभी ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर उनकी समस्या का त्वरित समाधान कराने की मांग की है।

- जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग

## भेंट मुलाकात के दौरान विधायक ने व्यापारी संघ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह ने नगर पंचायत के व्यापारिक संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के गृह निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर नगर और विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, आगामी योजनाओं, जनहित के मुद्दों तथा आम जनता की अपेक्षाओं पर विधायक ने अपनी बात रखी। वहीं उपस्थित लोगों ने भी नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, आवश्यकताओं तथा विकास संबंधी सुझावों से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर राजेश गुप्ता ने क्षेत्र के सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। विधायक ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। चर्चा के दौरान कहा गया कि क्षेत्र के विकास में जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और आम नागरिकों की सहभागिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास, जनता की समस्याओं का समाधान और प्रत्येक नागरिक का सम्मान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और सहयोग से ही क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इस दौरान, व्यापारी संघ अध्यक्ष एवं समाजसेवी राजेश गुप्ता, दीनानाथ गुप्ता, मोहन पांडे, कृष्ण मुरारी शुक्ला, अवधेश पांडे, आनंद शुक्ला, लक्ष्मी गुप्ता, जुल्फिकार कादरी, काजू कश्यप, अमन मित्तल सहित अन्य शामिल थे।

- क्षेत्र के समस्या से हुई अवगत

### चोरों ने घर के सामने खड़ी बाइक किया पार

**अम्बिकापुर।** घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पर्री निवासी शिवराज सोनी आ. स्व. विजय सोनी शुक्रवार की रात बाइक क्रमांक सीजी 29 एएफ 0487 को घर के सामने खड़ा कर अंदर चला गया। सुबह बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी।

## भाजपा संभाग प्रभारी ने बताई केन्द्र सरकार की उपलब्धियां

# मोदी के नेतृत्व में रखी गई विकसित भारत की मजबूत नींव : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संभाग प्रभारी अवधेश सिंह चंदेल ने पत्रकारों से चर्चा की। प्रेसवार्ता में श्री चंदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक गौरव और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की है।

यह कार्यकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। जनधन योजना के माध्यम से देश में 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए। आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गई है, जबकि कोरोना काल से लेकर आज तक 81 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से देशभर में 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 11 करोड़ महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से अधिक घरों तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया है, वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाया गया है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4 लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए किसानों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराया गया है तथा कृषि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुए है।

## नवनिर्मित आंगनवाड़ी केंद्र का किया गया लोकार्पण

**राजपुर।** ग्राम पंचायत कर्रा में नवनिर्मित आंगनवाड़ी केंद्र का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत की उपस्थिति में किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष विनय भगत ने फीता काटकर नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि विनय भगत ने कहा कि नया आंगनवाड़ी केंद्र क्षेत्र के बच्चों के पोषण, बेहतर स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली पाठशाला है, जहां से उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जाती है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रवि प्रताप मरावी, सरपंच श्रीमती जयंती मिंज, उपसरपंच, पंचगण, सचिव अगस्तुस टोप्पो, रामधनी रजक व आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





# एआई-171 हादसे की दर्दनाक कहानी पर्दे पर उतारेंगे मिलन

**मुंबई।** एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के क्रैश में अपनी बड़ी बहन को खोने वाले निर्माता ने इस हादसे पर आधारित एक फीचर फिल्म बनाने की योजना पर बात की। उन्होंने इसे अपना निजी मिशन बताया है। उनका कहना है कि यह उनके कॅरियर का आखिरी प्रोजेक्ट हो सकता है। मूल रूप से हरियाणा के कुरुक्षेत्र के रहने वाले और वड़ोदरा में काम करने वाले फिल्ममेकर मिलन शर्मा बताया कि पिछले साल 12 जून को हुए इस क्रैश के कुछ ही दिनों बाद उन्होंने यह फिल्म बनाने का फैसला किया था। उन्होंने भारत के सबसे भयानक एविएशन हादसों में से एक में अपने रिश्तेदारों को खोने वाले परिवारों का दुख देखा था। इस हादसे में मिलन ने अपनी 56 साल की बहन अंजू शर्मा को खो दिया।

## लाइफ Style

# मृणाल

## शिकागो की सड़कों पर सैर करती आईं नजर

'है जवानी तो इश्क होना है' की चर्चा के बीच मृणाल ठाकुर अमेरिका के शिकागो गई हैं। यहां से उन्होंने अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी नई फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को लेकर चर्चा में हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ठीक ठाक कमाई कर रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बीच मृणाल ठाकुर शिकागो की सैर पर गई हैं। यहां से उन्होंने अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं। मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने शिकागो की सड़कों पर पोज दिए हैं। उन्होंने अलग-अलग आउटफिट भी पहने हैं। यही नहीं उन्होंने यहां से वर्कआउट करते हुए भी तस्वीर शेयर की है। तस्वीरें शेयर करते हुए मृणाल ठाकुर ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'बैग पैक कर रही हूं और इस शहर को गुड बाय कह रही हूं। ये वाकई जानलेवा है।' इसके साथ उन्होंने रोने वाला और दिल टूटने वाला इमोजी भी लगाया है। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' 5 जून को रिलीज हुई है। इसके निर्देशक डेविड धवन हैं। इसे टिप्स फिल्म्स और मैक्सिमिलियन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इसमें मृणाल ठाकुर के अलावा वरुण धवन और पूजा हेगड़े अहम किरदारों में हैं। मुख्य कलाकारों के अलावा इसमें सहायक कलाकारों में मौनी रॉय, चंकी पांडे, राकेश बेदी, कुब्रा सैत और अन्य शामिल हैं। फिल्म की कहानी जस (वरुण धवन) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह अपनी पत्नी बानी (मृणाल ठाकुर) से इसलिए तलाक लेने की कोशिश करता है क्योंकि वह बच्चा चाहता है।



## हॉलीवुड मसाला



# रिलीज से पहले भारत में मारेगा एंट्री

**नई दिल्ली।** अभिनेता टॉम हॉलैंड की अपकमिंग फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' को लेकर भी भारत में काफी क्रेज नजर आ रहा है। इस बीच 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के मेकर्स की तरफ से सुपर हीरो मूवी की इंडिया रिलीज को लेकर बड़ा दांव खेला है। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया ने ये कन्फर्म किया है कि टॉम हॉलैंड स्टारर 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' भारत में 30 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। जो फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट 31 जुलाई से एक दिन पहले है।



# दो बच्चे होने के बाद सिंगर पेरी ने की एलेक्स से शादी

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर पेरी एडवर्ड्स और उनके फुटबॉलर बॉयफ्रेंड एलेक्स ऑक्सलेड-चेम्बरलेन ने लगभग एक दशक तक साथ रहने के बाद पुर्तगाल में शादी कर ली। यह शादी शनिवार को फारो में हुई। इसमें परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए। यह खबर इस जोड़े के दूसरे बच्चे के जन्म के कुछ ही महीनों बाद आई। उनकी बेटी एलैनिस वेलेंटाइन का जन्म जनवरी 2026 में हुआ था। इस जोड़े का एक बेटा एक्सल भी है, जिसका जन्म अगस्त 2021 में हुआ था। एडवर्ड्स ने फूलों की डिजाइन वाला लंबी आस्तीन का सफेद वेडिंग गाउन पहना था। ऑक्सलेड-चेम्बरलेन ने क्लासिक काला टक्सीडो पहना था। इस जोड़े ने जानबूझकर अपनी शादी की योजना को इस साल की शुरुआत में अपनी बेटी के जन्म के बाद तक के लिए टाल दिया था। समारोह के बाद, एडवर्ड्स को ऑक्सलेड-चैंबरलेन के साथ हाथ में हाथ डाले चर्च से निकलते हुए देखा गया।



# साइबर क्राइम केस में उलझे अरशद


**मुंबई।** राजकुमार हिरानी बड़े पर्दे से निकलकर ओटीटी पर आ चुके हैं। बतौर क्रिएटर उनकी सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो'का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अरशद वारसी, वीर हिरानी और विक्रांत मैसी के अनोखे किरदार सीरीज में नजर आएंगे। यह सीरीज 3 जुलाई को जीयो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। अरशद वारसी अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाते हैं, जल्द ही सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' में उनका ऐसा ही अंदाज नजर आएगा। लेकिन, इस बार कॉमेडी के साथ साइबर क्राइम की कहानी भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस सीरीज के क्रिएटर निर्देशक राजकुमार हिरानी हैं। सीरीज में कई नामी बॉलीवुड एक्टर्स भी नजर आएंगे। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अरशद वारसी गोवा में रहते हैं। वह क्राइम ब्रांच में पुलिस ऑफिसर हैं। लेकिन, अचानक उनका ट्रांसफर साइबर क्राइम डिपार्टमेंट में हो जाता है।



# धमाल-4 का गाना फुलौरी बिना... रिलीज

**मुंबई।** अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अजय देवगन और रवि किशन से सजी फिल्म 'धमाल 4' का पहला गाना 'फुलौरी बिना चटनी कैसे बनी' रिलीज हो गया है। इसे नीलकमल सिंह ने गाया है। इस गाने में शानदार बीट्स और थिरकने पर मजबूर कर देने वाले रिदम हैं, जो इसे फिल्म की हंसी-मजाक और मस्ती भरी दुनिया के लिए एकदम सही बनाते हैं। यह गाना कलाकारों की मजेदार केमिस्ट्री और 'धमाल' फ्रैंचाइजी की खास पहचान बन चुकी मस्ती-मजाक को बखूबी दिखाता है। अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अजय देवगन और रवि किशन जैसे कलाकारों वाले इस गाने में ढेर सारे मजेदार पल हैं, और रवि किशन इस जबरदस्त गाने में अपने खास भोजपुरी अंदाज का तड़का लगाते हैं।

## टीवी मसाला



# लॉक अप 2 में शिवांगी, शिल्पा, आसिम कुशा सहित 12 नामों पर ठप्पा!

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के डिजिटल रियलिटी शो 'लॉक अप' का प्रीमियर सबसे पहले 2022 में ऑल्ट बालाजी पर हुआ था, जिसमें 16 विवादित कंटेस्टेंट्स को जेल जैसे सेट पर 72 दिनों के लिए बंद किया गया था। पहले सीजन को कंगना रनौत ने होस्ट किया था और कॉमेडियन से एक्टर बने मुनव्वर फारूकी इसके विनर बने थे। चार साल बाद, इस शो का दूसरा सीजन 27 जून को नेटफ्लिक्स पर शुरू होने के लिए तैयार है। नए सीजन को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट करेंगे। इस सीजन के संभावित कंटेस्टेंट्स को लेकर बढ़ती चर्चाओं के बीच कुछ नामों की पुष्टि हो चुकी है। इस साल 'लॉक अप' सीजन 2 में 14 सेलिब्रिटीज शामिल होंगे। शो के प्रोमो के मुताबिक, कंटेस्टेंट्स सर्वाइवल के लिए मुकाबला करेंगे और अपने सबसे गहरे राज भी खोलेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शो के लिए गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा, पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी और एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे का नाम कन्फर्म हो गया है। 'लॉक अप' सीजन 2 में जिन दूसरे कंटेस्टेंट्स के शामिल होने की खबर पक्की है, उनमें 'स्प्लिट्सविला' के कंटेस्टेंट्स योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी, और बिग बॉस के पुराने कंटेस्टेंट्स प्रियंका शर्मा, विकास गुप्ता, रश्मि देसाई, पुनीत सुपरस्टार, अर्चना गौतम, उर्वशी ढोलकिया, प्रणीत मोरे, आसिम रियाज, कुशा कपिला और हर्षद चोपड़ा शामिल हैं। 'लॉक अप' सीजन 2 के प्रोमो में, होस्ट फराह खान ने इशारा किया कि कंटेस्टेंट्स में एक ऐसा सेलिब्रिटी शामिल होगा जिसने हाल ही में अपना वजन काफी कम किया है। इसके बाद, ऐसी खबरें आईं कि एक्टर राम कपूर इस रियलिटी शो में शामिल हो सकते हैं।

## कनिका ने एकता को कहा 'मदर ऑफ ड्रैगन'

**नई दिल्ली।** लगभग छह महीने तक दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद ' नागिन 7 ' खत्म हो गया है। शो के खत्म होने पर, स्टार कास्ट ने सोशल मीडिया पर इमोशनल पोस्ट शेयर किए।



राधिका का किरदार निभाने वाली कनिका मान ने शो के खत्म होने पर रोते हुए अपना एक इमोशनल वीडियो शेयर किया। पोस्ट में लिखा था, 'राधिका अब विदा ले रही है। लेकिन ड्रैगन कभी सच में नहीं मरते। चैनल, मेरी सबसे पसंदीदा एकता कपूर, पूरी टीम और उन सभी लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। एकता कपूर ने पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए कहा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा कि ड्रैगन रो रहा है। आग उगलने वाला ड्रैगन तो कमाल का है ही, लेकिन इमोशनल ड्रैगन ने तो हमें हैरान कर दिया। आपकी परफॉर्मेंस एक खोज की तरह रही है।' इसके बाद कनिका मान ने एकता के कमेंट का जवाब देते हुए कहा, 'माफ कीजिएगा, 'मदर ऑफ ड्रैगन्स'।

# पेद्दी के शानदार प्रदर्शन की वजह से टली लेनिन की रिलीज...



**मुंबई।** अखिल अक्किनेनी की आने वाली फिल्म लेनिन पहले 26 जून को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा दिया गया है। मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। इस बार फिल्म टालने की सबसे बड़ी वजह राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' का शानदार प्रदर्शन बताया जा रहा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है और दुनियाभर में लगभग 400 करोड़ रुपए के करीब पहुंच रही है। मेकर्स का कहना है कि 'पेद्दी' अभी सिनेमाघरों में अच्छा चल रही है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन उसी को मिल रही हैं। ऐसे में 'लेनिन'को थोड़ा आगे बढ़ाना सही फैसला लगा। अखिल अक्किनेनी की मच अवेटेड फिल्म लेनिन का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। लेकिन मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया है। अब फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके साथ मेकर्स ने वजह का भी खुलासा किया है। फिल्म के प्रोड्यूसर नागार्जुन ने एक्स पर नई रिलीज डेट का ऐलान करते हुए लिखा कि टीम ने उनसे थोड़ा और समय मांगा था ताकि फिल्म को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने लिखा, 'लेनिन की टीम मेरे पास आई और कहा कि उन्हें फिल्म को 100% देने के लिए थोड़ा और वक्त चाहिए। उनके जुनून को देखकर मैंने हां कर दी। हमारा लड़का 10 जुलाई को आ रहा है। इस बार आपको एक नया अखिल देखने को मिलेगा। इस फिल्म को डायरेक्टर मुरली किशोर अब्बुरु ने बनाया है, जिसमें भाग्यश्री बोरसे फीमेल लीड में हैं। फिल्म को नागार्जुन और सूर्यदेवरा नागा वंशी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। अब तक रिलीज हुए पोस्टर्स और गानों ने दर्शकों के बीच अच्छी उत्सुकता पैदा कर दी है। मेकर्स का मानना है कि रिलीज डेट आगे बढ़ाने से फिल्म को और बेहतर तरीके से पेश किया जा सकेगा। अब 10 जुलाई को 'लेनिनकी रिलीज का इंतजार और भी बढ़ गया है, और फैंस को उम्मीद है कि उन्हें एक नया और अलग अंदाज में अखिल देखने को मिलेगा।

# महेश की फिल्म नाम-टू लिव इज वॉर का ऐलान, अहम भूमिका में नजर आएंगे वीर

**मुंबई।** फिल्म 'नाम-टू लिव इज वॉर' का एलान कर दिया गया है। इसमें वीर पहाड़िया अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को दिग्गज निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट पेश कर रहे हैं। वहीं, निर्देशन की कमान सिद्धांत सचदेव के कंधों पर है। फिल्म में वरुण शर्मा भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। अभिनेता वरुण शर्मा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें महेश भट्ट, सिद्धांत सचदेव और वीर पहाड़िया नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'जब शहर बीमार हो जाए, तो दवा और जहर में फर्क करना मुश्किल हो जाता है'। आगे लिखा है, 'नाम - टू लिव इज वॉर' यह फिल्म निश्चित रूप से एक रोमांचक होने वाली है। महेश भट्ट सर के मार्गदर्शन में बनी इस फिल्म का निर्देशन सिद्धांत सचदेव ने किया है। वहीं इसे रिद्धि चावड़ा और उत्सव उपाध्याय ने प्रोड्यूस किया है। एक पोस्ट वीर पहाड़िया ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है। वीर ने लिखा



है, 'कहते हैं सबसे छोटा जीव भी सबसे बड़ी शक्ति का प्रमाण होता है। जब बप्पा का आशीर्वाद साथ हो, तो हर 'नाम' एक तूफान होता है। गणपति बाप्पा मोरया'। 'नाम' एक डार्क एक्शन थ्रिलर फिल्म बताई जा रही है। इसमें वीर दमदार और रफ-टफ अवतार में नजर आने वाले हैं। निर्देशक सिद्धांत सचदेव ने लिखा है, 'कुछ नाम विरासत में मिलते हैं। कुछ नाम जंग लड़कर कमाने पड़ते हैं। महेश भट्ट सर के मार्गदर्शन और देखरेख में इस सफर को शुरू करने का सौभाग्य मिला है। वीर पहाड़िया और वरुण शर्मा के साथ मिलकर इस दमदार कहानी को पर्दे पर उतारने के लिए उत्साहित हूं।

## दृश्यम 3 से ठुकरा के मेरा प्यार 2 तक, जमकर होगा मनोरंजन

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

***नई दिल्ली।** बीते सप्ताह ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। सिनेमाघरों में भी बहार रही। इस वीक भी थिएटर्स में 'कॉकटेल 2' सहित कई फिल्में दस्तक देंगी। मगर, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी खूब माहौल जमने वाला है। इस वीक ओटीटी के पिटारे में कई रोचक फिल्में और सीरीज हैं।*

**दृश्यम 3 :** मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम 3' इस वीक ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म 21 मई 2026 को सिनेमाघरों में आई थी। थिएटर्स में दर्शकों ने इसे हाथोंहाथ लिया। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी यह उपस्थिति दर्ज कराने वाली है। फिल्म 'दृश्यम 3' को 18 जून से प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

**आई विल फाइंड यू :** यह रोमांचक क्राइम थ्रिलर मिनी सीरीज है। इस वीक दर्शक इसका लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर सीन हैं। 'आई विल फाइंड यू' को आप 18 जून से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। यह सीरीज हार्लन कोबेन के उपन्यास पर आधारित है। इसमें सैम वर्थिंगटन (डेविड के रूप में) ब्रिट लोअर और मिलो वेंटिमिलिया मुख्य भूमिकाओं में हैं।



**ठुकरा के मेरा प्यार 2 :** वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' का दूसरा सीजन इस वीक दर्शकों के बीच आएगा। इस सीरीज को आप 19 जून से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। इसमें प्यार के साथ-साथ बदले की कहानी भी देखने को मिलेगी। सीरीज में संचिता बसु (शानविका चौहान) और धवल ठाकुर (कुलदीप कुमार) मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**केनाथा कानोम :** यह भी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसमें योगी बाबू अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म को आप 16 जून से जियोहॉटस्टार पर देख पाएंगे। इसमें योगी बाबू के साथ-साथ लवलिन चन्द्रशेखर और रायचल रबेका अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी रामनाथपुरम के एक सूखे से जूझते गांव पर आधारित है। इसमें बाबू मंदिर के मूर्तिकार का किरदार निभा रहे हैं। गांव में पानी की कमी है और लोग पानी की तलाश में हर जगह भटक रहे हैं। फिल्म की कहानी में कई दिलचस्प मोड़ हैं।

**कलर बुक :** यह फिल्म भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इसे आप 19 जून से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। यह फैमिली ड्रामा से भरपूर फिल्म है। इसे परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकता है।

**अथिराडी :** अगर आपको एक्शन कॉमेडी फिल्मों में दिलचस्पी है तो यह फिल्म आपके लिए है। इस वीक यह मलयालम फिल्म भी ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। यह तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में उपलब्ध रहेगी। इसे 19 जून से सोनी लिव पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### इंजीनियरिंग कॉलेज को एमबीए में मिली 30 सीट की स्वीकृति

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में संचालित मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 30 सीटों का आवंटन एआईसीटीई द्वारा किया गया है। प्राचार्य प्रो.राम नारायण खरे ने बताया कि महाविद्यालय में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम सरगुजा संभाग में एकमात्र एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम है। एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीमैट, मैट, जैट एवं एटीएमए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रबंधन प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जाती है। इन परीक्षाओं में सम्मिलित अभ्यर्थी तकनीकी शिक्षा संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक अथवा पांच वर्षीय एकीकृत डिग्री उत्तीर्ण होना आवश्यक है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा अन्य वर्ग के छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक निर्धारित है।

### दो लाख के नशीले इंजेक्शन के साथ स्कूटी सवार गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** नशीली इंजेक्शन खपाने जा रहे स्कूटी सवार को संभागीय आबकारी उड़न दस्ता के टीम ने न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि उसके पास से बड़ी मात्रा में इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने आरोपी के पास से दो लाख कीमत के 2 सौ नशीली इंजेक्शन जब्त कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। साथ ही आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि स्कूटी सवार बड़ी संख्या में नशीली इंजेक्शन लेकर बिक्री करने जा रहा है। सूचना पर टीम ने गांधीनगर अंतर्गत ग्राम सरना मैदान के समीप स्कूटी सवार को संदिग्ध हालत में देखकर पूछताछ किया तो स्कूटी सवार ने अपना नाम वाहिद अंसारी निवासी थाना लुण्ड्रा बताया। साथ ही पटपरिया में किराए के मकान में रहने की बात कही। टीम ने स्कूटी सवार के पास रखे बैग की तलाशी ली तो बैग में कागज की दो सौ पुड़िया बना कर रखा मिला जब पुड़िया को खोल कर देखा तो हर पुड़िया में एक नशीली इंजेक्शन लपेट कर रखा था।

### चांपा सीएमओ सोनवानी आरंग स्थानांतरित

**चांपा।** छ.ग. शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रविवार को एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रदेश के 15 मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत स्थानीय नगरपालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी राम संजीवन सोनवानी को आरंग जिला रायपुर में समान पद पर स्थानांतरित किया गया है।

## खेत जुताई और कब्जे को लेकर विवाद में की गई हत्या

# ट्रैक्टर की टक्कर के बाद बम्फर पर झूल गया ग्रामीण, फिर कुचला, 8 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम/अम्बिकापुर

जमीन विवाद को लेकर ग्रामीण की बेदम पिटाई कर ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ग्रामीण को टक्कर मारा और जब बचने के लिए ग्रामीण बम्फर पर झूल गया तो घसीटते हुए गिरा दिया। इसके बाद आरोपी ने ट्रैक्टर चढ़ाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।

**खास बात**
- पुलिस ने दो महिलाओं समेत आठ आरोपियों को किया गिरफ्तार

बता दें कि 14 जून बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिलमा चिटकाही में विवादित भूमि पर धान फसल बुआई को लेकर हुए विवाद में एक ग्रामीण की टैक्टर से कुचलकर हत्या का मामला सामने आया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द किया गया। इस दौरान प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतक होशराम की पत्नी धनेश्वरी और और भुनेश्वर पैकरा के बीच सिलमा चिटकाही में स्थित जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। उक्त भूमि पूर्व में उसकी बड़ी सास कामेश्वरी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज थी और भूमि पर धनेश्वरी और उसका परिवार ही खेती करते आ रहा है। कामेश्वरी ने मृत्यु के पहले अपने वसीयतनामा में तहसील न्यायालय के माध्यम से जमीन धनेश्वरी के नाम पर दर्ज करा दिया था और राजस्व अभिलेख में भी उनका नाम दर्ज हो गया था लेकिन बाद में भुवनेश्वर पैकरा ने एसडीएम न्यायालय सीतापुर से भूमि पर अपना नाम दर्ज करा लिया था। यही से उनके बीच उक्त 6.30 एकड़ भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार 13 जून को होशराम ने अपने परिवार के साथ खेत में जाकर धान की खेती के लिए ट्रैक्टर से जुताई का काम किया था और इसी बात की जानकारी मिलने के बाद 14 जून को भुवनेश्वर पैंकरा, बजरंग, मनोज, रघुनंदन, बोधन, उमेश, कमली और प्यारी ट्रैक्टर लेकर विवादित भूमि में आकर धान बुआई कर ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे।

इस बात की सूचना मिलने के बाद महिला धनेश्वरी अपने पति होशराम, पुत्र हेमंत पैकरा महेंद्र पैकरा के साथ मौके पर पहुंची और भुवनेश्वर पैकरा को उनके कब्जे की भूमि पर खेती करने से मना किया। इस दौरान पहले से हत्या की योजना बनाकर बैठे भुवनेश्वर पैकरा, बजरंग, मनोज, रघुनंदन, बोधन, उमेश, कमली और प्यारी ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी और कहा कि आज वे लोग धान की बुआई करके ही रहेंगे और जो भी रास्ते में आएगा उसे मार देंगे।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पत्नी और बेटों के सामने की हत्या

पुलिस के अनुसार घटना के समय आरोपियों ने पहले मृतक होशराम के साथ मारपीट शुरू कर दी और डंडे से पिटाई की। जब होशराम के पुत्र हेमंत और महेंद्र ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उन्होंने महिला और उसके दोनों बेटों भी हाथ-मुक्का और लाठी डंडे से बेदम पीटा। इस दौरान आरोपियों ने सभी को खेत में ही कुचलकर मारने की योजना बनाई और उमेश पैकरा ने पहले मृतक के पुत्र हेमंत को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया लेकिन हेमंत खेत की मेड़ पर चढ़ गया। इसी समय खेत की मेड़ पर खड़े होशराम को भुवनेश्वर पैंकरा, बजरंग, मनोज, रघुनंदन, बोधन, कमली और प्यारी ने धक्का नीचे गिरा दिया और उमेश ने कुचलने की नियत से ट्रैक्टर से होशराम को टक्कर मारी। टक्कर लगने पर होशराम ट्रैक्टर के बम्फर में झूल गया। आरोपी उसे घसीटते हुए ले गया और जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद पुनः उमेश ट्रैक्टर मोड़कर आया और खेत में घायल पड़े होशराम पर ट्रैक्टर चढाकर कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार सदमें में है।

### ट्रैक्टर समेत जंगल में छिपा था आरोपी

पुलिस ने इस मामले में दो महिला समेत आठ आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। इनमें से ट्रैक्टर से बुजुर्ग को कुचलने वाला उमेश पैकरा सरमना जंगल में अपने ट्रैक्टर के साथ छिपा हुआ था। पुलिस द्वारा मामले में सिलमा निवासी 80 वर्षीय भुवनेश्वर पैंकरा आ. स्व. कल्पनाथ, 60 वर्षीय बजरंग लाल आ. भुवनेश्वर कंवर, 52 वर्षीय रघुनंदन पैंकरा आ. भुवनेश्वर कंवर, 35 वर्षीय मनोज आ. सुखदेव कंवर, 23 वर्षीय उमेश आ. बजरंग लाल पैंकरा, दरिमा कंठी निवासी 37 वर्षीय बोधन पैंकरा आ. जलधु पैंकरा, 37 वर्ष, 60 वर्षीय कमलेश्वरी पैंकरा पति स्व. जलधु पैकरा, व सिलमा निवासी 50 वर्षीया प्यारी पैंकरा पति सुखो पैंकरा को बीएनएस की धारा 103(1), 109(1), 296(ख), 351(3), 115(2), 190, 191(2), 191(3), 54 के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर, लाठी-डण्डा को भी जब्त किया है। इस कार्रवाई में बतौली थाना प्रभारी विवेक कुमार सेंगर, उनि आभाष मिंज, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, विकास एक्का, राजेश खलखो, राकेश एक्का, राजू कुजूर, जोगी बड़ा, साइबर सेल से प्रभारी सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक अशोक यादव सक्रिय रहे।


# झाड़फूंक के बहाने युवती को मोहित कर ढोंगी बाबा ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ढोंगी बाबा के झांसे में आना एक परिवार के लिए महंगा पड़ गया। घर में आए बाबा ने झाड़फूंक के नाम पर युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपी ने युवती की मांग को पूजा पाठ करने के नाम पर मंदिर भेज दिया था।

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, मां को भेज दिया था मंदिर

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 जून की सुबह लगभग 8-9 बजे के बीच कॉलोनी में अमित गोस्वामी नामक एक बाबा पहुंचा था। उत्तर प्रदेश प्रयागराज से आए बाबा ने लोगों को अपना नाम अमित गोस्वामी बताया और सभी लोगों को देखकर कुछ ना कुछ कमी बता रहा था। आरोपी झाड़फुंक कर ठीक करने के लिए पैसा व मोबाईल मांग रहा था। आरोपी युवती के घर भी पहुंचा इस दौरान उसके परिजन भी घर में मौजूद थे। बाबा ने पीड़िता से बोला कि इसको झाड़फुंक कर देता हूं, अच्छा रिश्ता आयेगा और जॉब भी लग जाएगा। परिवार ढोंगी बाबा के झांसे में आ गया। आरोपी ने युवती को नहाने के लिए भेज दिया और उसकी मां को को बोला कि एक मुट्ठी चावल लेकर हनुमान मंदिर जाओ और 151 चावल के दाने हनुमान जी को चढ़ाकर आओ, पीड़िता की बहन को बोला कि रूम से बाहर रहो। इस दौरान आरोपी ने युवती को मोहित कर लिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर से निकल गया। इधर होश में आने के बाद युवती को अपने साथ हुई घटना का एहसास हुआ जिसके बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस से की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस ने पीड़िता के बताये हुलिया के अनुसार प्रकरण के आरोपी अमित गोस्वामी को हिरासत में लिया। आरोपी की पहचान यूपी के प्रयागराज घुरपुर सेमरा निवासी 29 वर्षीय अमित कुमार गोस्वामी आ. स्व. मंजू लाल गोस्वामी के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक भारतीय मार्कण्डे, सउनि ललन गुप्ता, आरक्षक दीनदयाल सिंह, सुल्तान अहमद, घनश्याम, इत्यादि सक्रिय रहे।



### पुलिस ने किया लोगों से आह्वान

इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इधर सरगुजा पुलिस ने भी लोगों से आह्वान किया कि लोग ढोंगी बाबाओं के झांसे में न आए और इस प्रकार के ढोंगी बाबा यदि आपके मोहल्ले में दिखें तो तत्काल सरगुजा पुलिस को सूचित करें।

# दशकों से काबिज भूमि से हटाया, परिवार ने मांगी इच्छा मृत्यु

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में एक परिवार के 12 सदस्यों ने इच्छा मृत्यु की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन करने वालों में ज्यादातर दिव्यांग है। प्रभावित परिवार का आरोप है कि वे शासकीय भूमि पर पिछले कई पीढ़ियों से काबिज है। उन्होंने इस संबंध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा है। सर्व आदिवासी समाज की विमला आगरे के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और इच्छा मृत्यु की मांग की। प्रभावित अप्रिवार का कहना है कि सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बटईकेला में वे सेटलमेंट समय से शासकीय कब्ज़े के खेत में खेती करके अपना जीवन यापन करते थे लेकिन लेकिन वर्तमान में उस खेत पर आंगनबाड़ी भवन बनाया जा रहा है। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के नाम पर उनका घर तोड़कर कब्जा हटाया जा रहा है जबकि उसी भूमि पर बसे एक परिवार के कब्जे को नहीं हटाया जा रहा है। प्रभावित सीमा ने बताया कि गांव के सरपंच ने भी जमीन पर कब्जा किया है और उसपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही जबकि 70 सालों से जमीन पर बसे परिवार को बेदखल किया जा रहा है और उनके जीने का सहारा छीना जा रहा है जबकि परिवार के 12 में से 4 सदस्य दिव्यांग है। उनके सामने भरण पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है।

### प्रशासन का दावा : शासकीय भूमि पर आंगनबाड़ी निर्माण की पुष्टि

इधर इस मामले में कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर प्रकरण की जांच कराई गई। जिला प्रशासन का दावा है कि ग्राम बटईकेला स्थित खसरा क्रमांक 1784 शासकीय मद की भूमि है तथा उक्त भूमि पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण विभागीय स्वीकृति के आधार पर ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। आवेदिका के परिवार के पास ग्राम बटईकेला एवं ग्राम महेशपुर में पृथक खातों में भूमि दर्ज है। आवेदिका द्वारा जिस भूमि को निजी कब्जे की भूमि बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई गई है, वह राजस्व अभिलेख में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज पाई गई है।शासकीय भूमि पर पूर्व में निर्मित आंगनबाड़ी भवन को हटाकर उसी स्थल पर नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट हुआ कि निर्माण कार्य निर्धारित शासकीय स्थल पर ही जारी है। इसके साथ ही जिन व्यक्तियों के विरुद्ध शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने के आरोप लगाए गए थे, उस संबंध में भी प्रशासन द्वारा गंभीरतापूर्वक परीक्षण किया गया। उपलब्ध तथ्यों एवं शिकायत के परीक्षण उपरांत संबंधित प्रकरण तहसील न्यायालय में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 248 के अंतर्गत पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

# जमीन के टुकड़े के लिए भाई की बेरहमी से हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के बाद अब बलरामपुर में जमीन के टुकड़े के लिए हत्या का मामला सामने आया है। इस बार अपने ही भाई ने नाती के साथ मिलकर ग्रामीण की हत्या कर दी। आरोपियों ने सोते हुए ग्रामीण की टांगी से हत्या की और फिर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और घटना की जांच चल रही है।

- नाती के साथ मिलकर वारदात को दिया अंजाम, बंटवारे से असंतुष्ट थे आरोपी

बलरामपुर जिले के डवरा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम डवरा चौकी क्षेत्र के ग्राम लिलौटी स्कूल पारा निवासी पूरन, दिलबर और नंदकेश्वर आपस में भाई है और तीनों के बीच जमीन का हिस्सा बंटवारा हुआ था लेकिन जमीन बंटवारे को लेकर नंदकेश्वर और भाई पूरन का नाती संजय रवि नाखुश थे। दोनों को लगता था कि दिलबर ने अपने हिस्से में ज्यादा जमीन रखी है और जमीन के बंटवारा को लेकर असंतुष्ट भाई व नाती अक्सर विवाद करते थे। इसी बात को लेकर 13 जून की शाम आरोपियों ने ग्रामीण के हत्या की योजना बनाई। घटना दिवस की शाम 7 बजे ग्रामीण दिलबर खाना खाकर अपने प्रधानमंत्री आवास में अकेले ही सो रहा था। पीएम आवास का दरवाजा दोनों तरफ से खुला हुआ था और इसी बात का फायदा उठाकर संजय रवि और नंदकेश्वर उसके घर मे घुस आए और सो रहे दिलबर के कान, गर्दन, बांया हाथ के उंगली पर ताड़बतोड़ वार कर दिया। टांगी के हमले में दिलबर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। इस घटना की सूचना मृतक के पुत्र 40 वर्षीय जीवनलाल आ. दिलबर ने पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम पंचनामा उपरांत परिजन के सुपुर्द किया गया इसके साथ ही घटना की जांच चल रही थी।



जांच के दौरान पुलिस ने लिलौटी निवासी 32 वर्षीय संजय कुमार रवि आ. स्व. राधेश्याम रवि व 55 वर्षीय नंदकेश्वर रवि आ. स्व. ईश्वर दयाल रवि को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 103(1), 332, 61 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# स्वदेशी के रास्ते ही तय होगा विकसित भारत का रास्ता : अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वदेशी जागरण मंच के समापन सत्र के अवसर पर छत्तीसगढ़ गृहनिर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा कि स्वदेशी के रास्ते ही विकसित भारत 2047 का रास्ता तय होगा हम स्वदेशी वस्तु को निज जीवन में भी आत्मसात करें।

आज स्वदेशी अपनाकर हम इस राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपनी माहिती भागीदारी निभा सकते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय मिशन लोकल का लोकल में अपना योगदान कर सकते हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर स्वदेशी को प्रोत्साहन दे रही है। अब हम आलू के चिप्स से माइक्रोचिप तक स्वदेशी के माध्यम से बनाना प्रारंभ कर दिए हैं जो हम सबके लिए मिल का पत्थर साबित होगा। स्वदेशी हमारे अचार-विचार और व्यवहार एवं दिनचर्या में शामिल हो हम सबको ऐसा प्रयास करना चाहिए तथा इस मिशन के साथ समाज, परिवार और अपने आसपास के सभी लोगों का जन जागरण करना चाहिए। स्वदेशी अब ब्रांड बन चुका है। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान, छत्तीसगढ़ प्रांत के तत्वाधान में होटल माखन विहार में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार, उद्यमिता और युवा सशक्तिकरण जैसे विषयों पर गहन चिंतन एवं संवाद हुआ। विभिन्न सत्रों में स्वदेशी एवं स्वावलंबन की अवधारणा, युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर, वैश्विक खेती की चुनौतियां, बौद्धिक विकास, वर्तमान आर्थिक परिदृश्य तथा ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समापन सत्र में छत्तीसगढ़ गृहनिर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव एवं पूर्व विभाग संघचालक सुभाष अग्रवाल शामिल हुए। श्री सिंहदेव ने कहा कि हमारे वैचारिक संकल्प के कारण ही आज हम यहां तक पहुंचे हैं और 2047 तक स्वदेशी से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कार्यक्रम के लिए सरगुजा का चयन करने पर मंच के प्रदेश संयोजक का आभार जताया। सुभाष अग्रवाल ने कहा कि स्वदेशी वस्तु स्वयं उपयोग करें और कौन सी वस्तु स्वदेशी हे इसका ध्यान रखते हुए उपयोग करें। आभार प्रदर्शन संभागीय संयोजक राजकिशोर चौधरी ने किया।




### विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से मजबूत होना जरूरी

**जांजगीर-चांपा।** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में सोमवार 15 जून को नवीन शैक्षणिक सत्र के पूर्व विद्यालय में हुए नवीनीकरण, कई सकारात्मक परिवर्तन के क्रियान्वयन के लिए अभिभावकों की सहमति एवं उनके संबंध में जानकारी हेतु प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार राणा के द्वारा अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधन के कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमती चंचल अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय में संचालित अनेक नए-नए विषय, तकनीकी प्रयोग, प्रदत्त सुविधाओं तथा अन्य बड़ी-बड़ी संस्थाओं से अनुबंध - जैसे आई आई टी मद्रास और उसके फायदे से लेकर विद्यार्थी एवं पालकों के बहुपयोगी पहलुओं को विस्तार पूर्वक बताया गया।

# ग्राम पंचायत जगिमा स्थित छात्रावास स्कूल परिसर में नहीं है बाउंड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

बच्चों का भविष्य उज्जवल हो और पढ़ाई कर अपने साथ परिवार का नाम रौशन करें इसे लेकर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही है साथ ही बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर छात्रावास एवं स्कूल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। हैरानी की बात तो यह है कि एक ही परिजस में छात्रावास एवं स्कूल भवन संचालित है लेकिन बच्चों की सुरक्षा के लिए आज तक बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं किया गया है। ऐसा नहीं है कि बाउंड्रीवाल के लिए राशि स्वीकृत नहीं है। राशि स्वीकृत होने के बाद चार साल पूर्व ही राशि आहरण कर लिए है लेकिन बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू नहीं किया गया है। मुख्य मार्ग से छात्रावास एवं स्कूल के होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में समय रहते बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

ग्राम पंचायत जगिमा अंतर्गत प्राथमिक शाला कतारीकोना एवं पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम जगिमा में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य की स्वीकृति लगभग चार वर्ष पूर्व प्रदान की गई थी। निर्माण के लिए स्वीकृत राशि में से अग्रिम राशि का आहरण सरपंच एवं सचिव द्वारा कर लिया गया, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी निर्माण कार्य के लिए अग्रिम राशि का भुगतान इसलिए किया गया था ताकि कार्य को समय पर प्रारंभ कर निर्धारित अवधि में पूरा किया जा सके। लेकिन चार वर्षों का लंबा समय बीत जाने के बावजूद न तो निर्माण शुरू हुआ और न ही इसकी कोई स्पष्ट जानकारी दी गई। सबसे गंभीर स्थिति प्राथमिक शाला कतारीकोना की है। यह विद्यालय मुख्य सड़क से सटा हुआ है तथा चौराहे के समीप स्थित होने के कारण यहां हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल नहीं होने से छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बच्चे खेलते-खेलते सड़क की ओर निकल जाते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम जगिमा में भी बाउंड्री वॉल नहीं होने से छात्राओं की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। शासन द्वारा विशेष रूप से आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत किए जाते हैं, लेकिन वर्षों तक कार्य लंबित रहने से योजनाओं के उद्देश्य पर ही सवाल उठने लगे है।



### कराई जाएगी जांच

छात्रावास एवं स्कूल परिसर की बाउंड्रीवाल निर्माण किस कारण शुरू नहीं हो सकी इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के बाद जल्द से जल्द बाउंड्रीवाल की निर्माण शुरू कराई जाएगी।

-नयनतारा सिंह तोमर
जिपं सीईओ

### कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर जारी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 10 मई 2026 को आयोजित की गई थी। परीक्षा के मॉडल उत्तर 20 मई को जारी कर अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी, जिसकी अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित थी। निर्धारित अवधि में प्राप्त दावा-आपत्तियों का परीक्षण एवं निराकरण करने के उपरांत प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

### पोंड़ीभांठा में बनने वाले सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**अकलतरा।** नगर के पोंड़ीभांठा में विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख रुपये की लागत के सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का भूमिपूजन एवं शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से मोहल्लेवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति दी जा रही है।विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह सामुदायिक भवन स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा तथा विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के संचालन के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध कराएगा।इस अवसर पर भविष्य चंद्राकर, संतोष सिंह बैस, वार्ड पार्षद छतराम साहू, राजू राठी, राज सिंह, महेश्वर टंडन, अंकित सिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

CARDINAL WARRIORS
School with Josh & Hosh
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Affordable School + Sainik School Preparation
"Build Discipline, Intelligence & Future Defence Leaders from Early Classes"
★ Integrated Abacus + Vedic Maths
★ AISSEE Exam Preparation (No Extra Cost)
★ Focus on NDA + SSB Foundation
★ Modern Science & Technology Lab
★ Separate Boys and Girls Hostel
★ Admission Closing Soon
Limited Seats - Register Now
7880006456
Major Pravin Singh (Retd.)
Branch
Raipur, Bhilai, Manendragarh
NH 43, Lai Village, Near Hasdeo River Bridge, Manendragarh 497442

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त